# रंगों की मस्ती में डूबा जिला, होली और धुरेडी का पर्व धूमधाम से मनाया

**छिंदवाड़ा। जिलेभर में रंगों का पर्व होली और धुरेडी गुरुवार को हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। सुबह से ही शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक रंग-गुलाल की बौछारें देखने को मिलीं। बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। ढोल-नगाड़ों और डीजे की धुन पर लोग जमकर झूमे और नाचे। पूरा शहर रंगों से सराबोर नजर आया और हर ओर "होली है" की गूंज सुनाई देती रही।**

सुबह होते ही शहर के मोहल्लों, कॉलोनियों और चौक-चौराहों पर लोगों की टोलियां निकल पड़ीं। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर अबीर-गुलाल लगाया और मिठाई खिलाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। युवाओं में होली को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। कई स्थानों पर डीजे की धुन पर युवा रंगों से सराबोर होकर नाचते-गाते दिखाई दिए। वहीं बच्चों ने पिचकारियों और रंगीन गुब्बारों से जमकर होली खेली और दिनभर मस्ती करते रहे।

ग्रामीण क्षेत्रों में भी होली और धुरेडी का पर्व परंपरागत रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। गांवों में लोगों ने समूह बनाकर रंग खेला और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर बधाई दी। कई स्थानों पर पारंपरिक फाग गीतों का आयोजन किया गया, जिसमें महिलाएं और बुजुर्ग भी बढ़-चढ़कर शामिल हुए। ढोलक और मंजीरों की थाप पर गाए गए फाग गीतों ने माहौल को और भी उल्लासमय बना दिया।

शहर के प्रमुख बाजारों, कॉलोनियों और चौक-चौराहों पर दिनभर रंग-गुलाल उड़ते रहे। कई सामाजिक संगठनों और संस्थाओं द्वारा होली मिलन समारोह आयोजित किए गए, जहां लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया और भाईचारे का संदेश दिया गया। होली के अवसर पर लोगों ने पुराने गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाया और आपसी प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। घरों में गुजिया, मालपुआ, दही-बड़े और अन्य पारंपरिक पकवान बनाए गए। लोगों ने परिवार और मित्रों के साथ मिलकर त्योहार का भरपूर आनंद लिया। त्योहार को देखते हुए प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क रहा। शहर के प्रमुख चौराहों और संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस बल तैनात किया गया था। पुलिस द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की गई, जिससे पूरे जिले में होली और धुरेडी का पर्व शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।



### बाजारों में रही त्योहार की रौनक

होली को लेकर शहर के बाजारों में पिछले कई दिनों से जबरदस्त रौनक देखने को मिल रही थी। रंग-गुलाल, पिचकारी, मुखौटे और रंगीन गुब्बारों की दुकानों पर लोगों की भीड़ उमड़ती रही। खासकर बच्चों में अलग-अलग डिजाइन की पिचकारियों को लेकर खास उत्साह देखा गया और उन्होंने जमकर खरीदारी की।

### डीजे की धुन पर किया जमकर डांस

होली के दिन शहर के कई इलाकों में युवाओं ने डीजे की धुन पर जमकर नृत्य किया। रंग-गुलाल उड़ाते हुए युवाओं की टोलियां सड़कों पर मस्ती करती नजर आईं। "होली है" के नारों से पूरा माहौल गूंजता रहा और लोग त्योहार की खुशियों में सराबोर दिखे।

### ग्रामीण अंचलों में गूंजे फाग गीत

ग्रामीण क्षेत्रों में पारंपरिक तरीके से धुरेडी का पर्व मनाया गया। गांवों में लोगों ने ढोलक की थाप पर फाग गीत गाए और समूह बनाकर रंग खेला। महिलाओं और बुजुर्गों ने भी उत्साह के साथ इस आयोजन में भाग लिया।

### पुलिस रही मुस्तैद, शांतिपूर्ण रहा त्योहार

होली के त्योहार को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। शहर के प्रमुख स्थानों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस बल तैनात किया गया था। लगातार पेट्रोलिंग और निगरानी के चलते जिलेभर में होली और धुरेडी का पर्व शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ।

### होली पर केकड़ा में गूंजा फाग का उल्लास, 29 मंडलों ने दिखाई प्रतिभा

केकड़ा तहसील अमरवाड़ा में होली के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत द्वारा विशाल फाग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामवासियों का उत्साह देखते ही बन रहा था। कुल 29 फाग मंडलों ने भाग लेकर पारंपरिक गीत-संगीत और रंगारंग प्रस्तुतियों से समां बांध दिया।प्रतियोगिता में प्रथम स्थान भैसादंड मंडल ने प्राप्त किया, जिन्हें ₹11,000 नगद पुरस्कार एवं शील्ड प्रदान की गई। द्वितीय स्थान सालीवाड़ा शानी मंडल को ₹9,000, तृतीय स्थान प्राप्त मंडल को ₹7,000, चतुर्थ स्थान को ₹5,000 तथा पंचम स्थान प्राप्त मंडल को ₹4,000 की नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। इस प्रकार कुल 15 पुरस्कार वितरित किए गए। शेष मंडलों को सांत्वना पुरस्कार स्वरूप शील्ड एवं ₹500 की राशि प्रदान कर उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से श्री शिवनंदन पटेल (पूर्व जनपद अध्यक्ष, अमरवाड़ा), सरपंच श्रीमती उर्मिला राकेश इनवाती, उपसरपंच ज्योति मोती पटेल, श्री दौलत पटेल, श्री ओमप्रकाश पटेल, श्री गोपाल पटेल, श्री शिशुपाल पटेल, श्री कीमती पटेल, श्री सुखदयाल पटेल, श्री रामभरोश दुबे, सचिव श्री जगत चंद्रवंशी, रोजगार सचिव श्री शत्रुघ्न इनवाती सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। आयोजन समिति ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। इस सांस्कृतिक आयोजन ने गांव में आपसी भाईचारे और परंपरागत फाग संस्कृति को नई ऊर्जा प्रदान की।

## खबर संक्षेप

### सिंगोड़ी में धूमधाम से मनाई गई होली रंगों की होली ने रंग दिया

**सिंगोड़ी।** अमरवाड़ा विधान सभा की सबसे बड़ी ग्राम पंचायत सिंगोड़ी में होली का पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। ग्राम में जहां तहां लोग एक दूसरे को विभिन्न प्रकार के गुलाल और कलर के माध्यम से तिलक लगाते हुए देखे गए। और होली पर्व की बधाई दी। होली खेलने के बाद जैसे ही शाम होने लगी तो लोगों की परेशानी उस समय ज्यादा बढ़ गई जब पानी न होने के कारण नदी कुएं से लोग पानी लाते हुए दिखाई दिए और जनता में भी भारी आक्रोश देखा गया वही सिंगोड़ी में जल नल योजना पूर्ण तरीके से ठप्प पड़ी हुई है कहीं नल बंद पड़े हैं तो कहीं किसी को नल में पानी ही नहीं आ रहा हैं सिंगोड़ी में पेयजल संकट गहराता जा रहा है और ग्राम पंचायत का इस और कोई ध्यान नहीं है लगातार बार बार पंचायत में पानी की समस्या से निजात के लिए कहा जाता है किंतु ग्राम पंचायत के कर्मचारियों के कानो में जू तक नहीं रेंग रही है लोग पानी के लिए परेशानी होते हुए दिख रहे है ।वही शांति समिति की बैठक में स्पष्ट चर्चा की गई थी कि पानी हर क्षेत्र मोहल्ले में दिया जाएगा परंतु ऐसा कुछ दिखाई नहीं दिया और लोग पानी के लिए परेशान होते हुए नजर आए।

### जुन्नारदेव में भाजपा ने मनाई होली, जमकर उड़े रंग-गुलाल

**जुन्नारदेव।** रंगों के पर्व होली के अवसर पर बुधवार को नगर के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौक पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भाजपा नेताओं, कार्यकर्ताओं और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान ढोल-नगाड़ों और होली गीतों की धुन पर भाजपा नेता एवं कार्यकर्ता जमकर थिरकते नजर आए। पूरे आयोजन स्थल पर रंग-गुलाल की बौछार के बीच होली का उल्लासपूर्ण माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सालोडे, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष विवेक चंद्रवंशी, महामंत्री अनिरुद्ध चटर्जी, अपील समिति सदस्य सभापति संजय जैन, अमित यादव, राजेंद्र सूर्यवंशी,मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र यादव, महेंद्र सूर्यवंशी, विष्णु शर्मा, मोनू जैन, अंकित सोनी, अभिषेक पारे, देवेंद्र टांडेकर, विजय पाल, धन्नी नामदेव, कपिल शुक्ला, विपिन बिंदवारी, प्रकाश कपूर, जितेंद्र सूर्यवंशी, पवन टांडेकर सहित भाजपा के नेता, कार्यकर्ता और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। नेताओं ने सभी नागरिकों को होली की शुभकामनाएं देते हुए आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया।

### अशोक अग्रवालजी का निधन

**जुन्नारदेव।** नगर के प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान में अग्रवाल किराना भंडार के संचालक अमित अग्रवाल एवं सुमित अग्रवाल के पिताश्री अशोक अग्रवालजी का अब से कुछ ही देर पहले दुखद निधन हो गया। स्वर्गीय श्री अशोक अग्रवाल जी नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी नितेश अग्रवाल एवं योगेश अग्रवाल के चाचाश्री थे। लगभग 70 वर्ष के श्री अशोक अग्रवालजी बीते कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। इनकी अंतिम यात्रा 6 मार्च 2026 दिन शुक्रवार को प्रातः 10 बजे को उनके निज निवास वार्ड क्रमांक 5, कांजी हाउस के पास से स्थानीय मोक्षधाम हेतु रवाना होगी।

# कार से मिले 45 लाख मामले में आ रहै नए मोड़

### आयकर विभाग ने युवकों को पूछताछ के लिए जबलपुर किया तलब

**सौंसर।** नगर के छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर बीते दिनों पुलिस द्वारा पकड़ी गई 45 लाख की संदिग्ध नकदी के मामले में अब आयकर विभाग की एंट्री हो गई है। जबलपुर से आई तीन सदस्यीय आईटी टीम ने सौंसर थाने पहुंचकर मामले की सघन जांच शुरू की। इस दौरान कार सवार दोनों युवकों से करीब 6 घंटे तक कड़ी पूछताछ की गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पकड़े गए युवक संदीप और पीयूष पूछताछ के दौरान लगातार अपने बयान बदल रहे हैं। शुरुआती पूछताछ में उन्होंने इन रुपयों को गल्ला (अनाज) खरीदी की राशि बताया था। हालांकि, बाद में उन्होंने नया तर्क देते हुए कहा कि वे नागपुर में ट्रक खरीदने जा रहे थे। बयानों में इस बड़े अंतर के कारण मामला संदिग्ध बना हुआ है। क्षेत्रीय स्तर पर यह चर्चा जोरों पर है कि बरामद की गई बड़ी राशि हवाला कारोबार से जुड़ी हो सकती है.घटना के तुरंत बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए एडिशनल एसपी नीरज सोनी ने खुद सौंसर थाने पहुंचकर जानकारी जुटाई थी। पुलिस की सूचना पर पहुंची आयकर विभाग की टीम द्वारा युवकों के बयान दर्ज किए और उन्हें नोटिस देकर फिलहाल छोड़ दिया है। दोनों युवकों को सोमवार को जबलपुर स्थित आईटी कार्यालय में पेश होने का निर्देश दिये गए थे। जांच प्रक्रिया पूरी होने तक पुलिस और आईटी विभाग ने 45 लाख नकद और कार को अपने कब्जे में रखा है। ज्ञात हो कि पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि छिंदवाड़ा से नागपुर की ओर जा रही एक कार में भारी मात्रा में कैश ले जाया जा रहा है। पुलिस ने घेराबंदी कर कार की तलाशी ली, तो डिक्की से 45 लाख रुपए बरामद हुए थे। राशि का कोई पुख्ता दस्तावेज या हिसाब पेश न करने पर पुलिस ने इसे अपनी कस्टडी में लेकर आयकर विभाग को सूचित किया था। फिलहाल मामले में अभी भी सस्पेंस बना हुआ है।

# पुरस्कार वितरण से हुआ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन

### अन्य जिलों से भी शामिल हुए समाज बंधु

**सौंसर। नगर में स्थित भगवान श्री राजराजेश्वर सहस्त्रबाहु मंदिर में आयोजित चार दिवसीय भव्य प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का गरिमामयी समापन हुआ। इस ऐतिहासिक धार्मिक आयोजन में समूचे क्षेत्र के डहरवाल कलार समाज और श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता दर्ज कराई। कार्यक्रम के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सौंसर विधायक विजय चौरे उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा इंदरचंद डागा एवं समाज भूषण से सम्मानित नागपुर के नारायण राव टाले ने शिरकत की।**

इस अवसर पर डहरवाल कलार समाज की मध्य प्रदेश प्रांतीय समिति सहित बालाघाट, सिवनी, नागपुर, छिंदवाड़ा और पांढुर्णा जिलों के पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और गणेश वंदना के साथ किया गया।

डहरवाल कलार समाज सौंसर के अध्यक्ष आशीष लोनारे ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में समाज की एकता और संगठन की शक्ति पर बल दिया। उन्होंने युवाओं की सामाजिक कार्यों में बढ़ती भागीदारी को भविष्य के लिए शुभ संकेत बताया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती दुर्गावती लोनारे ने किया, जबकि प्रांतीय सचिव राजू बाविस्टाले ने सभी अतिथियों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया। महोत्सव के दौरान समाज के गौरव और बुजुर्गों का विशेष सम्मान किया गया। साथ ही समाज की उभरती प्रतिभाओं और आयोजन में विशेष सहयोग देने वाले बंधुओं को भी सम्मानित किया गया। चार दिनों तक चले इस महोत्सव में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें रंगोली, फैंसी ड्रेस, कुर्सी दौड़ और डांस आदि प्रतियोगिता या आयोजित की गई थी। आयोजन के दौरान विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांत्वना पुरस्कारों से नवाजा गया। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक आस्था को सुदृढ़ किया, बल्कि सामाजिक समरसता और एकजुटता की एक नई मिसाल पेश की। आयोजन में बड़ी संख्या में क्षेत्र के अलावा अन्य जिलों से भी धैरवाल समाज के समाज बंधुओ महिलाओं ने उपस्थित होकर आयोजन को सफल बनाया।

# सतरंगी रंगों में नहाया पांढुर्णा, शहर से लेकर पुलिस लाइन तक दिखी होली की मस्ती, डीजे की धुन पर जमकर थिरके लोग

**पांढुर्णा।** रंगों का त्योहार होली पांढुर्णा शहर में पूरे उत्साह, उमंग और भाईचारे के साथ मनाया गया। शहर की हर गली-मोहल्ले से लेकर पुलिस कैंपस तक धुलेंडी की जबरदस्त धूम देखने को मिली। लोगों ने आपसी गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे को जमकर रंग-गुलाल लगाया और फाल्गुन की इस सतरंगी मस्ती में सराबोर नजर आए।

बीते दिन 4 मार्च को दोपहर 4 बजे तक पूरे पांढुर्णा में रंगोत्सव का खुमार छाया रहा। शहर के हर चौक-चौराहों और मोहल्लों में टोलियां बनाकर लोगों ने सामूहिक रूप से होली का लुत्फ उठाया। इस दौरान जगह-जगह साउंड सिस्टम और डीजे लगाए गए थे, जिनकी तेज धुनों पर महिलाओं, पुरुषों और युवाओं ने जमकर नृत्य किया। हवा में उड़ते लाल-गुलाबी गुलाल और 'होली है' के जयकारों ने पूरे शहर के माहौल को पूरी तरह से उत्सवी बना दिया। त्योहारों पर आम जनता की सुरक्षा में मुस्तैद रहने वाले पुलिस महकमे ने भी आज जमकर होली खेली। इसी कड़ी में आज 5 मार्च को पांढुर्णा पुलिस कैंपस में धुलेंडी का शानदार आयोजन किया गया। पुलिस विभाग के आला अधिकारियों से लेकर कर्मचारियों तक ने पद का फासला मिटाकर एक-दूसरे को पूरे उत्साह के साथ रंग और गुलाल लगाया। लगभग 4 घंटे तक चली इस होली में पुलिसकर्मियों ने सामूहिक रूप से डांस कर अपनी सारी थकान मिटाई और त्योहार का भरपूर आनंद लिया।

# जामसांवली में गूंजा इटली की साध्वियों का 'हनुमान चालीसा',

## हनुमान लोक में सनातन की वैश्विक गूँज....

**सौंसर....प्रसिद्ध चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर (हनुमान लोक) जामसांवली धाम में सोमवार को उस समय एक अद्भुत दृश्य देखने को मिला, जब सात समंदर पार से आए विदेशी शिष्यों ने अपनी भक्ति से पूरे मंदिर परिसर को सराबोर कर दिया। विश्व प्रसिद्ध योगाचार्य और आयुर्वेदाचार्य श्री माही गुरुजी के सानिध्य में इटली और चीन से आए शिष्यों ने बजरंगबली के चरणों में शीश नवाया।**

माही गुरुजी के साथ उनकी शिष्याएँ साध्वी सिल्विया जी, साध्वी जूलिया जी और साध्वी लॉरा जी (इटली) तथा चीन से आए अन्य शिष्य गण मंदिर पहुँचे। दर्शन और विशेष पूजा-अर्चना के उपरांत इटली से आईं साध्वी बहनों ने अपनी मधुर और शुद्ध वाणी में हनुमान चालीसा और शिव तांडव स्तोत्र का पाठ किया। विदेशी शिष्यों द्वारा गाए गए भजनों और मंत्रों की गूंज सुनकर उपस्थित श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। यह क्षण विश्व भर में सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति के बढ़ते प्रभाव का जीवंत प्रमाण नजर आया।

अतिथियों के आगमन पर मंदिर ट्रस्ट द्वारा सभी का आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंदिर संस्थान अध्यक्ष गोपाल शर्मा,सचिव टीकाराम कारोकर,कोषाध्यक्ष संजू डवरे,ट्रस्टी मनोहर शेलकी, पांडुरंग बोबडे, शिशिर खंडार,मोहन ताजने,दिलीप बत्रा उपस्थित थे।

श्री माही गुरुजी ने इस दौरान बताया कि योग और आयुर्वेद के साथ-साथ भारतीय आध्यात्म की शक्ति आज पूरी दुनिया को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। विदेशी शिष्यों की यह श्रद्धा दर्शाती है कि भक्ति की कोई सीमा नहीं होती। जामसांवली धाम की महिमा और यहाँ की ऊर्जा से प्रभावित होकर विदेशी शिष्यों ने अपनी इस यात्रा को जीवन का सबसे अविस्मरणीय अनुभव बताया।

# हैवान बना पिता, 1 साल से कर रहा था सगी नाबालिग बेटी का शारीरिक शोषण, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पांढुर्णा। समाज को शर्मसार कर देने वाली एक सनसनीखेज घटना पांढुर्णा जिले से सामने आई है, जहां एक पिता ने ही अपनी सगी नाबालिग बेटी को अपनी हवस का शिकार बना डाला। रिश्तों को तार-तार कर देने वाले इस मामले में कलयुगी पिता पिछले एक साल से अपनी 17 वर्षीय बेटी का शारीरिक शोषण कर रहा था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम राजना निवासी 17 वर्षीय पीडिता ने पुलिस को दी गई अपनी शिकायत में रोंगटे खड़े कर देने वाली सच्चाई बयां की है। पीडिता के मुताबिक, दरिंदगी का यह सिलसिला 25 जुलाई 2025 की दोपहर को शुरू हुआ था। घर में किसी के न होने का फायदा उठाकर पिता ने उसके साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। जब बेटी ने इसका विरोध किया, तो आरोपी पिता ने उसका मुंह बंद रखने के लिए उसे जान से मारने की खौफनाक धमकी दी।

सामाजिक बदनामी के डर और पिता द्वारा की गई मारपीट व धमकियों के कारण सहमी हुई बेटी लंबे समय तक खामोश रही। उसकी इसी खामोशी का फायदा उठाकर आरोपी पिता जब भी मौका मिलता, एकांत में उसके साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम देता रहा। जब पिता के अत्याचार और दरिंदगी की हदें पार हो गईं और पीड़िता के लिए यह सब सहना नामुमकिन हो गया, तो उसने अपनी चुप्पी तोड़ने का साहस किया। कल 4 मार्च को पीडिता अपने दादा और छोटी बहन के साथ बडचिचोली पुलिस चौकी पहुंची और अपने दर्दनाक अत्याचार की दास्तां पुलिस को सुनाई। इस घटना से मर्माहत पीड़िता के दादा ने अपने ही आरोपी बेटे के खिलाफ पुलिस से सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तत्काल एक्शन लिया और आरोपी पिता के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 64(2), 351(2) तथा पॉक्सो एक्ट के तहत गंभीर अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अब इस मामले में आगे की वैधानिक कार्रवाई कर रही है।

### मानवीय लापरवाही और बढ़ती गर्मी से हो सकती है आग की घटना

# जंगलों को आग से बचाने के लिए सख्ती जरूरी



**हरिभूमि न्यूज उकवा।** गर्मी के मौसम की शुरुआत के साथ ही जंगलों में आग लगने की घटनाएँ बढ़ने की संभावना रहती हैं। अधिकारियों के अनुसार, बढ़ता तापमान, सूखी पत्तियाँ और मानवीय लापरवाही जंगलों में आग का प्रमुख कारण बन रहे हैं।वन विभाग के वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर उकवा सामान्य द्वारा ग्रामीणों को बताया कि कई मामलों में जंगलों में फेंकी गई जलती बीड़ी-सिगरेट या जानबूझकर लगाई गई छोटी आग बड़ी दुर्घटना का रूप ले लेती है। तेज हवाओं के कारण आग तेजी से फैलती है, जिससे वन्यजीवों और पर्यावरण को भारी नुकसान होता है।

वन क्षेत्र में अग्नि लाइन काटकर सफाई कार्य कर दिया गया है और फायर वाचर ने संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी है। फायर लाइन बनाई गई हैं और ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। कुछ इलाकों में फायर वाचर और कही वॉच टावर के माध्यम से निगरानी की जा रही है ताकि आग का पता चलते ही आग पर काबू पाया जा सके।वनों पर आग लगने से पर्यावरण पर गहरा असर पड़ता हैं।विशेषज्ञों का कहना है कि जंगल की आग से न केवल पेड़-पौधे नष्ट होते हैं, बल्कि जैव विविधता को भी गंभीर खतरा होता है। धुएँ के कारण वायु गुणवत्ता प्रभावित होती है और आसपास के क्षेत्रों में स्वास्थ्य समस्याएँ बढ़ सकती हैं। साथ ही, मिट्टी की उर्वरता और जल स्त्रोतों पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे जंगलों में आग न जलाएँ और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना दें। सामूहिक प्रयास और सतर्कता से ही इस समस्या पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।वन परिक्षेत्र उत्तर उकवा सामान्य परिक्षेत्र अधिकारी कु. प्रियंका मरकाम, वनक्षेत्रपाल द्वारा परिक्षेत्र अंतर्गत बम्हनी, डोंगरिया, कंदई , गंजेसर्रा, दीनाटोला, खमरिया, पोला, चिखलाझोड़ी, रूपझर सहित अन्य समितियों में बैठक रखकर वनों में लगने वाली प्राकृतिक और मानवकृत अग्नि की जानकारी दी गई। बताया गया कि आग लगते ही वन विभाग को जानकारी देवें और यदि कोई व्यक्ति अग्नि लगता हुआ पाया जाता है तो उसके विरुद्ध कार्यवाही किया जाएगा और अवैध अपराध की सूचना देने वाले व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किया जाएगा।

# शरारती तत्वों ने शराब दुकान में लगाई आग




**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी नगर से महज 2 किलोमीटर दूर ग्राम सेलवा के डोंगरूटोला में संचालित अंग्रेजी देसी मदिरा दुकान में दो शरारती तत्वों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी। शराब दुकान में आग लगने से गांव में हंगामा हो गया। आग लगने की खबर मिलते ही पुलिस और दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। स्थानीय निवासियों के मुताबिक मनीष मात्रे और अरुण ठाकरे नाम के दो लोगों ने पेट्रोल डालकर शराब दुकान में आग लगा दी। आगजनी की यह पूरी वारदात बुधवार 04 मार्च की रात्रि करीब 9 के आसपास की है। बुधवार को समूचे क्षेत्र में धूरेड़ी का पर्व मनाया जाना था। ऐसे में शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के लिए सभी शराब दुकानों को आबकारी विभाग ने सील कर रखा था। जिस वजह से सेलवा शराब दुकान में कोई भी कर्मचारी मौजूद नहीं था। आग लगने से दुकान का बाहरी हिस्सा जलकर नष्ट हुआ है। आगजनी की घटना से आबकारी विभाग के द्वारा दुकान के दरवाजे में लगाई गई सील भी जल गई थी। दुकान के गद्दीदार ने रात्रि में ही मैनेजर को सूचना दी और इसके बाद पूरा मामला पुलिस और आबकारी विभाग के संज्ञान में आया। आबकारी विभाग की टीम ने रात्रि साढ़े 9 बजे दुकान पहुंच कर फिर से दुकान सील की। इस पूरे घटनाक्रम में पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और आग किसने लगाई पता लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि दुकान में आग लगने से कोई हताहत नहीं हुआ है। जिन युवकों पर दुकान में आग लगाने का आरोप है उन्होंने आग क्यों लगाई अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है, लेकिन पुलिस का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

गौरतलब हो कि सेलवा में संचालित दुकान को मेसर्स जयश्री बालाजी एसोसिएशन बालाघाट के नाम से लाइसेंसी दुकान है। इस दुकान में आग लगाई गई। जिससे दुकान के सामने का हिस्सा आग की लपटों से प्रभावित हुआ है हालांकि आग दुकान के भीतर प्रवेश नहीं कर पाई। जिस कारण कोई हानि नहीं हो पाई। जनचर्चा है कि जहां दुकान संचालित होती है वहां दो पक्षों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। जिसके घर में दुकान का संचालन हो रहा है। उसके साथ किसी पुराने विवाद को लेकर 04 मार्च की रात्रि में नया विवाद हुआ। इसी विवाद में एक पक्ष ने दुकान में पेट्रोल डालकर दुकान को आग के हवाले करने की कोशिश की। पूरा मामला पुलिस के संज्ञान में जरूर है किंतु इस पूरे घटना क्रम की 05 मार्च की शाम तक थाने में कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं थी। जिस कारण पुलिस ने अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की है। पुलिस का कहना है शराब दुकान की ओर से शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# शासकीय महाविद्यालय में विद्यार्थियों को पुस्तक एवं स्टेशनरी का किया गया वितरण



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** शासकीय शंकर साव पटेल महाविद्यालय वारासिवनी में सत्र 2025-26 में अध्ययनरत नियमित अनुसूचित जाति एवं जनजाति के विद्यार्थियों को मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग भोपाल द्वारा प्रदत्त निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें एवं स्टेशनरी सामग्री का वितरण किया जा रहा है।

राज्य शासन की इस योजना के क्रियान्वयन में महाविद्यालय प्रभारी प्राचार्य डॉ० सरिता कोल्हेकर द्वारा कहा गया कि विद्यार्थियों को अध्ययन में निरंतरता एवं उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये आगे बढ़ाने का बेहतर कदम है। इन सामग्रियों कर उपयोग अध्ययन के लिये करें।

वितरण प्रक्रिया में पुस्तकालयाध्यक्ष युगल किशोर लांजेवार, बुक लिफ्टर लकेश रामपुरे, स्टाफ सहयोगी सोनू हेड़ाऊ एवं आनंद अडक्रने उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने शासन एवं महाविद्यालय प्रशासन के प्रति अपना आभार व्यक्त किया साथ ही समस्त वर्ग के विद्यार्थियों को पेपर, पत्रिकाएं, भारत सरकार की ओएनओएस में शोध को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से रिसर्च जनरल निःशुल्क उपलब्ध की प्रक्रिया है। ई-ग्रंथालय अंतर्गत इंटरनेट रिसोर्स से विद्यार्थियों को पुस्तक तथा नोट्स उपलब्ध कराने का निःशुल्क ऑनलाईन प्लेटफार्म है।

# बाबा कोटेश्वर की नगरी लांजी में शुद्धिकरण कर खेली होली

### भगवान कोटेश्वर महादेव को लगाया गया गुलाल, मंदिर में खेली गई होली



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** कोटेश्वर महानगरी लांजी में कोटेश्वर मंदिर में 4 मार्च बुधवार को सुबह परंपरागत तरीके से रंगभरी एकादशी का पर्व मनाया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर देवाधिदेव महादेव बाबा को अबीर गुलाल अर्पित करके आशीर्वाद लिया। इसके बाद मंदिर परिसर में अबीर-गुलाल उड़ाकर हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाया। वही भक्तों के द्वारा भगवान शिव का पंच द्रव्य और सुंगधित पुष्पों से श्रृंगार किया गया। लोगों ने कोटेश्वर बाबा के चरणों में अबीर गुलाल अर्पित करके होली का शुभारंभ किया। शिवालय पर रंग बिरंगे सुगंधित पुष्पों, से आकर्षक सजावट की गई। बाबा कोटेश्वर धाम में रंगभरी एकादशी महोत्सव का आयोजन किया गया। इसके उपरांत निखरे अलौकिक स्वरुप को दर्शन पूजन करने के लिए लोगों की कतार लगी रही। हर-हर महादेव के जयकारा से मंदिर परिसर गूंज उठा। भक्ति मय माहौल से होलीमय नजर आया। बाबा कोटेश्वर महादेव का महाआरती पूजारी उदित गिरी गोस्वामी ने किया।

### मातम में बदली होली की खुशियां

# दो बाइक की आपस में जबरदस्त भिडंत एक युवक की मौत तो दूसरा हुआ घायल



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** लांजी तहसील से लगभग से 3 किलोमीटर किलोमीटर दूर ग्राम कालीमाटी नहर साहेकी मार्ग के पास बुधवार के करीब 2 बजकर 15 मिनट पर दो बाइक आमने सामने भिड़ गईं। इस भिड़ंत में एक युवक की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर घायल है। लांजी तहसील के ग्राम साहेकी निवासी किलेश उईके पिता डालीराम उईके उम्र 30 वर्ष जानकारी अनुसार होली पर्व में किलेश उईके अपने सभी संबंधी से मिलने और कुछ काम से बाइक नंबर MP 50 ML 7626 से लांजी आया हुआ था। जो अपना काम निपटाकर वापस अपने घर सहेकी आ रहा था। तभी भरसाडोंगरी की ओर से लांजी की ओर आ रहे दूसरे बाइक सवार भूपेश सातपुते निवासी निवाशी लांजी नगर परिषद भिलाई रोड़, अपनी बाइक नंबर MP 50ZH 8483 से लांजी की ओर आ रहा था दोनों बाइक आमने सामने से भिड़ गईं। जिससे किलेश उईके पिता डालीराम उईके की मौके पर मौत हो गई। जबकि दूसरी बाइक के चालक भूपेश सातपुते गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे लांजी के प्राइवेट हॉस्पिटल ने बालाघाट रेफर किया है, ।किलेश उईके मौत की खबर से पूरे सहेकी ग्राम में मातम फैल गया। यहां हर व्यक्ति की आंखें इस हृदयविदारक घटना से नम हो गईं। लोग परिवार के सदस्यों को ढांढस बंधाते तो कभी अपने आंसू पोंछते नजर आए।वहीं परिवारजनों का

### प्रेम, एकता, भाईचारे का संदेश देता है होली पर्व-विवेक पटेल

# विधायक पटेल व पूर्व विधायक जायसवाल के निवास पर खेली गई जमकर होली

### हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली पर्व

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।**



वारासिवनी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह व उमंग का पर्व होली बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। नागरिकों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। वही डीजे की धुन पर लोग थिरकते नजर आये और जमकर रंग गुलाल खेला। सुबह से ही लोग अपने घरों की छतों पर गुब्बारों से रंग बरसा रहे थे। बच्चों की टोलियॉ रंगों से भरी पिचकारी लेकर सडक़ पर आने जाने वालों को रंग डालते हुए नजर आये।

इस मौके पर पुलिस प्रशासन भी पूरी मुस्तैदी के साथ नगर के चौक चौराहे पर शराब पीने वालों व हुड़दंग करने वालों पर चलानी कार्यवाही कर रही थी। जिससे कोई अप्रिय घटना ना हो, वहीं पुलिस प्रशासन द्वारा नगर के चौक चौराहे पर पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर तैनात किया गया था। जिसके कारण कोई अप्रिय घटना नहीं हुई, वहीं महिलाओं ने भी एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर जमकर होली खेली। नगर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए नगर भ्रमण पर निकले हुए अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अभिषेक चौधरी को कुछ बालकों द्वारा रंग लगाकर उन्हें होली की शुभकामनाएँ दी।

होली के पर्व पर विधायक विवेक पटेल व पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल के निवास स्थान पर होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर उनके समर्थकों ने उनके निवास स्थानों पर पहुँच कर उन्हें रंग व गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दी। इस मौके पर विधायक विवेक पटेल के निवास स्थान पर उनके समर्थकों ने नारी का भेष धरकर होली के गानों पर जमकर नृत्य किया। उनके साथ विधायक विवेक पटेल भी जमकर नाचे।

इस अवसर पर वारासिवनी-खैरलाँजी क्षेत्र के विधायक विवेक विक्की पटेल ने सुख समृद्धि की कामना करते हुए कहा कि जीवन की आखिरी सांस कौन सी है? ये पता नही होता। किसी के मन में द्वेष की भावना नही होनी चाहिए। होली का पर्व हमें भाईचारा सिखाता है। होली का पर्व हमारी गौरवशाली परम्परा, विविधता, सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है। होली का पर्व अधर्म, असत्य एवं अन्याय से लडऩे की प्रेरणा देता है। हम ईश्वर से यही कामना करते है कि जिस प्रकार होली में सभी लोग भाई चारे के मिलकर होली मनाते है। उसी प्रकार देश में भाई चारे की एकता बनी रहे।

### खबर संक्षेप

## हेलमेट संबंधी निर्देशों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्यवाही



**मण्डला।** जिले में हेलमेट अनिवार्यता संबंधी निर्देशों के पालन की निरंतर निगरानी की जा रही है। मंडला पुलिस द्वारा पूर्व में सभी पेट्रोल पंप संचालकों की बैठक आयोजित कर स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चालकों को पेट्रोल प्रदाय न किया जाए तथा आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। सभी पेट्रोल पंपों पर कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा द्वारा जारी संबंधित आदेश चस्पा भी कराया गया था। इसी क्रम में मंगलवार को थाना कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत नंदकिशोर एंड कम्पनी, लालीपुर एवं श्रीजी पेट्रोल पंप (नायरा कम्पनी), पड़ाव पर बिना हेलमेट मोटरसाइकिल चालकों को पेट्रोल विक्रय किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर जांच, सीसीटीवी फुटेज परीक्षण किया गया जिसमें आदेश उल्लंघन पाया गया। प्रकरण में संबंधित प्रबंधकों अलीम खान एवं मुकेश स्थापक के विरुद्ध बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मंडला जिले में वर्ष 2025 में सड़क दुर्घटनाओं में 319 व्यक्तियों की मृत्यु हुई थी। प्रत्येक व्यक्ति की मृत्यु उसके परिजन को भावनात्मक के साथ आर्थिक समस्या से ग्रसित कर देती है। अतः जनवरी 2026 से अनवरत चल रहे हेलमेट पहनेगा मंडला अभियान में सभी भागीदारों से सहयोग की अपेक्षा है जिससे मृत्यु दर को कम किया जा सके और किसी भी व्यक्ति की मृत्यु लापरवाही के कारण ना हो। पेट्रोल पंप को चेक करने की प्रक्रिया सभी थाना क्षेत्र में लगातार जारी है और भविष्य में भी किसी के भी द्वारा निर्देशों का उल्लंघन किया जाना पाए जाने पर उनके विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### माँ नर्मदा के तट पर श्रद्धा और उल्लास का नजर आया संगम

# जिले भर में हर्ष और उल्लास के साथ मनी होली





### * 'फूलों की होली' में शामिल हुए कलेक्टर।

**हरिभूमि न्यूज मण्डला**

होली पर्व के उपलक्ष्य में नमामि नर्मदे महाआरती ट्रस्ट के तत्वावधान में माँ नर्मदा के पावन तट पर 'फूलों की होली' का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने सहभागिता कर नागरिकों के साथ पर्व का आनंद लिया।

आयोजन की शुरुआत 'पंच चौकी महाआरती' से हुई। पारंपरिक विधि-विधान, वैदिक मंत्रोच्चार एवं शंखध्वनि के मध्य माँ नर्मदा का पूजन किया गया। तत्पश्चात शास्त्रीय रीति से होलिका दहन संपन्न हुआ, जो समाज में सद्भाव, सकारात्मकता एवं बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश देता है।

होलिका दहन के उपरांत 'फूलों की होली' कार्यक्रम में कलेक्टर श्री मिश्रा सहित उपस्थित श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने पुष्प वर्षा कर सभी को होली की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष श्री विनोद कछवाहा, जिला पंचायत सदस्य श्री शैलेष मिश्रा, एसडीएम मण्डला श्रीमती सोनल सिडाम, डिप्टी कलेक्टर श्री सचिन जैन एवं श्री संस्कार बावरिया सहित जनप्रतिनिधि, पत्रकारगण, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

### कलेक्टर निवास पर मनाई होली

कलेक्टर निवास में होली का पर्व उत्साह और सौहार्द के साथ मनाया गया। कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा ने अधिकारियों कर्मचारियों के साथ होली खेलकर सभी को रंगों के इस पर्व की शुभकामनाएं दीं।इस अवसर पर अधिकारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि होली का त्यौहार समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश देता है। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर निवास का माहौल रंगों और खुशियों से सराबोर रहा। प्रशासनिक अधिकारियों और कर्मचारियों ने एक-दूसरे के साथ मिलकर त्यौहार की खुशियां साझा कीं और सभी ने हर्षोल्लास के साथ होली का आनंद लिया।

### रेडक्रास परिवार द्वारा होली मिलन समारोह

होली के पावन अवसर पर रेडक्रॉस परिवार द्वारा होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रेडक्रॉस से जुड़े पदाधिकारियों, सदस्यों तथा गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। पूरे कार्यक्रम के दौरान रंगों, संगीत और आपसी सौहार्द का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम की शुरुआत सभी अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इसके बाद उपस्थित सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर भाईचारे और प्रेम का संदेश दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि होली का पर्व आपसी मतभेदों को भुलाकर प्रेम, सौहार्द और एकता का संदेश देता है। रेडक्रॉस परिवार हमेशा सामाजिक सरोकारों के साथ ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज में सकारात्मक संदेश देने का कार्य करता रहा है। समारोह के दौरान रंग-गुलाल के साथ होली के पारंपरिक गीतों पर सभी ने आनंद लिया। वातावरण पूरी तरह होली के रंग में रंगा नजर आया। उपस्थित सदस्यों ने एक-दूसरे को गले लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और खुशियों का यह पर्व मिलजुल कर मनाया।





कार्यक्रम के अंत में सभी के लिए स्नेहभोज का भी आयोजन किया गया, जिसमें सभी ने एक साथ बैठकर भोजन ग्रहण किया। इस अवसर पर रेडक्रॉस परिवार के सभी सदस्य एवं नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया और भविष्य में भी ऐसे सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

**खबर संक्षेप**

## टेरिटोरियल आर्मी में शिवराज चंद्रवंशी का चयन, समाज में खुशी

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** छपारा। पायली खुर्द निवासी शिवराज चंद्रवंशी का प्रादेशिक सेना (टेरिटोरियल आर्मी) में चयन होने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। 20 वर्षीय शिवराज, पीजी कॉलेज सिवनी के छात्र हैं और उन्होंने अपनी मेहनत व लगन से यह उपलब्धि हासिल की है। वे सियाराम चंद्रवंशी के पुत्र और नंदकिशोर पटेल के नाती हैं। शिवराज, सिवनी के प्रतिभाशाली क्रिकेट खिलाड़ी युवराज चंद्रवंशी के छोटे भाई हैं। उनके चयन पर चंद्रवंशी (गौली) समाज के लोगों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। समाज के लोगों ने इसे गौरव का क्षण बताते हुए कहा कि शिवराज की सफलता से युवाओं को देश सेवा के लिए प्रेरणा मिलेगी।

## लंबे समय से फरार चल रहे दो विधि विरूद्ध किशोरों कोतवाली पुलिस ने किया किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा अपराधों के रोकथाम एवं फरार चल रहे अपराधियों की धरपकड़ के लिए हरसंभव प्रयास किये जाते रहें हैं, जिनके कुशल नेतृत्व एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार स्थाई वारंटियों एवं लंबे समय से फरार चल रहे विधि विरूध्द किशोरों की लगातार धरपकड़ की जा रही हैं। इसी क्रम में दिनांक 02/03/2025 को मारपीट के प्रकरण में फरार चल रहे 02 विधि विरूद्ध किशोरों को कोतवाली पुलिस द्वारा विधिवत पकडक़र माननीय किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष पेश किया गया है। पकड़े गये विधि विरूद्ध किशोर 02 विधि विरूध्द किशोर उम्र क्रमशः 17 वर्ष एवं 15 वर्ष। **सराहनीय कार्य** निरीक्षक सतीश तिवारी, सउनि जयदीप सेंगर, प्र.आर मुकेश गोडाने, म.आर. निशा दोनावट, सैनिक मोहम्मद वकील, राजेन्द्र तिवारी की विशेष भूमिका रहीं है।

## जिला के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शाल श्रीफल और पुष्प गुच्छ से स्वागत सम्मान किया

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी के द्वारा नगर परिषद के उपाध्यक्ष शिवाकांत सिंह जी के निवास पर नव नियुक्त जिला भाजपा पदाधिकारीयों का साल और पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया नगर परिषद के उपाध्यक्ष शिवाकांत सिंह ने दूसरी बार जिला महामंत्री बनने पर गजानंद पंचेश्वर एंव श्रीमती आशा डेहरिया जी का साल पुष्प गुच्छ से स्वागत सत्कार किया गजानंद पंचेश्वर पर प्रदेश नेतृत्व ने दूसरी बार विश्वास किया और उनके पिछले कार्यकाल को देखते हुए उन्हें फिर से जिले का महामंत्री नियुक्त किया गजानंद पंचेश्वर जी भारतीय जनता पार्टी के निष्ठावान नेता हैं सामाजिक स्तर और पार्टी में उनकी मजबूत पडक़र है शीर्ष नेताओं से उनके अच्छे संबंध है । छपारा मंडल के उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारी ने सभी नवनियुक्त जिला भाजपा पदाधिकारी का बारी-बारी से स्वागत सत्कार किया एवं शुभकामनाएं बधाई दिया कार्यक्रम में जिला महामंत्री गजानंद पंचेश्वर जिला मंत्री आशा डेहरिया सहायक कार्यालय मंत्री अलकेश रजक सह मीडिया प्रभारी अशोक बंदेवार आदि भाजपा के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# दो बाइकों की टक्कर के बाद विवाद, मारपीट का वीडियो वायरल





**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

शहर के गांधी भवन चौक के पास बुधवार रात दो बाइकों की मामूली टक्कर के बाद विवाद बढ़ गया और कुछ लोगों के बीच मारपीट की घटना हो गई।

घटना का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें कुछ लोग आपस में धक्का-मुक्की और मारपीट करते नजर आ रहे हैं। जानकारी के अनुसार, रात में चौक के पास मिशन स्कूल गेट के पास दो बाइकों की हल्की टक्कर हो गई थी। शुरुआत में मामला केवल कहासुनी तक सीमित था, लेकिन कुछ ही देर में दोनों पक्षों के बीच विवाद बढ़ गया। मौके पर मौजूद कुछ अन्य लोग भी बीच-बचाव करने के बजाय विवाद में शामिल हो गए, जिससे स्थिति और अधिक तनावपूर्ण हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कुछ समय तक सडक़ पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने संबंधित पक्षों से पूछताछ शुरू कर दी है। बताया गया है कि घटना के दौरान किसी व्यक्ति ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बना लिया, जो बाद में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। अब पुलिस इसी वीडियो फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

# पेट्रोल पंप में सिगरेट जलाने पर हुआ विवाद

**शहर के एक पेट्रोल पंप पर युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे शहर में चर्चा का माहौल बना हुआ है।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**



प्राप्त जानकारी के अनुसार देर रात दो युवक बाइक से पेट्रोल भरवाने पेट्रोल पंप पहुंचे थे। इसी दौरान बाइक पर बैठे एक युवक ने सिगरेट जला ली। पेट्रोल पंप पर ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण यह बेहद खतरनाक स्थिति बन सकती थी। जैसे ही पंप कर्मचारी की नजर युवक पर पड़ी, उसने मामले की गंभीरता को देखते हुए तुरंत उसे थप्पड़ मार दिया। बताया जा रहा है कि इसके बाद दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई और मामला बढ़ते-बढ़ते मारपीट में बदल गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पेट्रोल पंप पर काम करने वाले अन्य कर्मचारी भी अपने साथी के समर्थन में वहां पहुंच गए और सभी ने मिलकर युवक की पिटाई कर दी। पूरी घटना पेट्रोल पंप पर लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

# सिवनी-जबलपुर हाईवे पर अवैध डीजल भंडारण पकड़ा, 100 लीटर डीजल जब्त

**सिवनी-जबलपुर हाईवे पर अवैध रूप से डीजल का भंडारण कर बिक्री करने के मामले में छपारा पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 100 लीटर डीजल जब्त किया है।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देश और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में ज्वलनशील पदार्थों के अवैध भंडारण के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में 3 मार्च 2026 को मुखबिर की सूचना पर छपारा पुलिस ने ग्राम बिजना-मुतिया स्थित यूपी इलाहाबाद ढाबा पर दबिश दी।

कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से तीन प्लास्टिक की केनों में भरा करीब 100 लीटर डीजल जब्त किया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम सलमान खान (26) पिता शेख आरिफ खान, निवासी हाल ग्राम बिजना-मुतिया व स्थाई निवासी ग्राम सुकतरा थाना कुरई, जिला सिवनी बताया। आरोपी डीजल बिक्री के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

पुलिस ने डीजल जब्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जब्त डीजल की कीमत लगभग 9,500 रुपये बताई गई है। इस कार्रवाई में निरीक्षक खेमेन्द्र कुमार जैतवार, प्रधान आरक्षक विनोद बघेल और प्रधान आरक्षक मूलसिंह उइके की सराहनीय भूमिका रही।

# कुएं में गिरने से युवक की मौत, जांच में जुटी पुलिस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

जिले के समनापुर में दोपहर अपने खेत पर सिंचाई की व्यवस्था देखने गए एक युवक का पैर फिसलने से वह गहरे कुएं में जा गिरा। ग्रामीणों और पुलिस की कड़ी मशक्कत के बाद जब तक युवक को बाहर निकाला गया, तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं।

### मशीन की देखरेख के दौरान हुआ हादसा

जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान समनापुर वार्ड निवासी अंकुश चौरसिया (22) के रूप में हुई है। घटना दोपहर लगभग 12.30 बजे अंकुश अपने खेत पर सिंचाई के लिए रखी पानी की मशीन की जांच करने गया था।

आशंका जताई जा रही है कि मशीन के पास काम करते समय या चलते हुए अचानक उसका



संतुलन बिगड़ गया और वह पास ही स्थित गहरे कुएं में समा गया।चीख-पुकार सुन दौड़े ग्रामीण, रेस्क्यू में लगा समय युवक के कुएं में गिरते ही वहां मौजूद प्रत्यक्षदर्शियों ने शोर मचाया, जिसे सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे लोग और परिजन मौके पर जमा हो गए। तुरंत लखनादौन पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस टीम ने स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया, लेकिन कुआं गहरा होने के कारण अंकुश को बाहर निकालने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। बाहर निकाले जाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### खुले कुओं के मुंडेर ऊंचे कराने की मांग

इस घटना के बाद ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि खेतों में स्थित खुले कुओं के मुंडेर ऊंचे कराए जाएं या सुरक्षा जाली लगवाई जाए, ताकि भविष्य में ऐसे हादसों को रोका जा सके।

लखनादौन थाना प्रभारी के. पी. धुर्वे ने बताया- पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्राथमिक दृष्टि में यह मामला एक दुर्घटना प्रतीत हो रहा है, हालांकि मौत के सटीक कारणों का पता विस्तृत जांच और पीएम रिपोर्ट के बाद ही चलेगा।

# भाई को तिलक लगाकर की लंबी उम्र और खुशहाली की कामना



**फाल्गुन पूर्णिमा पर होली का त्योहार मनाने के बाद, द्वितीया तिथि पर भाई दूज का त्योहार मनाया गया।**

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

गुरुवार 5 मार्च को होली के बाद भाई दूज मनाई गई। हर साल में दो बार भाई दूज सेलिब्रेट की जाती है और होली के बाद वाली भाई दूज को भारत्य द्वितीया कहा जाता है।

केवलारी में भाईदूज की पूजा करने वाली बहनों में शीला पाठक, शकुन पाठक, धनवती तिवारी, माधुरी तिवारी, शिल्पी मिश्रा, सिद्दी, राशि आदि ने बताया कि होली के रंगों के बाद मनाया जाने वाला खास पर्व होली भाई दूज भाई-बहन के प्यार और विश्वास का प्रतीक माना जाता है। इस दिन बहन अपने भाई को तिलक लगाकर उसकी लंबी उम्र और खुशहाली की कामना करती है।





# नदी से अवैध रेत भरते ग्रामीणों ने पकड़ा ट्रैक्टर-ट्रॉली

## चार घंटे बाद पहुंचे वन अमला, विभाग की भूमिका पर उठे सवाल

कुरई वन सामान्य परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खांडसा के उतरिया वन सामान्य क्षेत्र की नदी में अवैध रूप से रेत भरते एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को ग्रामीणों ने रंगे हाथों पकड़ लिया। पकड़ा गया वाहनक्रमांक एमपी 50 एए 0480 बताया गया है, जिसे चालक पवन पिता धूप सिंह (उम्र लगभग 41 वर्ष), निवासी नयेगांव चला रहा था।

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

ग्रामीणों के अनुसार उतरिया नदी से रेत का अवैध उत्खनन लंबे समय से चल रहा है। गुरुवार को जब चालक ट्रॉली में रेत भर रहा था, तब ग्रामीणों ने उसे पकडक़र वाहन सहित ग्राम पंचायत कार्यालय में खड़ा कर दिया। इसके बाद पंचनामा कार्रवाई करते हुए संबंधित विभाग को सूचना दी गई। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद करीब चार घंटे तक कोई अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। बाद में डिप्टी रेंजर व वनरक्षक मौके पर पहुंचे। इस देरी को लेकर ग्रामीणों में आक्रोश देखा गया। ग्राम पंचायत सरपंच सहित पंचगणों का कहना है कि संबंधित विभाग की मौन स्वीकृति से अवैध रेत का कारोबार धड़ल्ले से संचालित हो रहा है।

**इनका कहना है**

वन सामान्य परिक्षेत्र के वन एवं राजस्व क्षेत्र के कक्ष क्रमांक आरएफ 344 उतरिया नदी से रेत भरते वाहन को पकडक़र राजसात करने की कार्रवाई की जा रही है।

**अशोक कुमार इक्का, डिप्टी रेंजर**

# जल गंगा संवर्धन अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाये : मुख्यमंत्री डॉ.यादव

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार 05 मार्च को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कलेक्टर एवं कमिश्नरों की बैठक लेकर जल गंगा संवर्धन अभियान की तैयारियों की समीक्षा की तथा अधिकारियों को अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।**

एनआईसी कक्ष सिवनी से कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सिवनी श्रीमती अंजली शाह बैठक से जुड़ीं। इस अवसर पर अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी भी उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेशव्यापी जल गंगा संवर्धन अभियान को संबंधित विभागों के साथ कार्ययोजना बनाकर जनभागीदारी के रूप में क्रियान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक एवं ऐतिहासिक पुराने जल स्त्रोतों का जीर्णोद्धार कर उन्हें उपयोगी बनाने तथा खेत तालाब और सरोवरों के निर्माण पर जोर दिया। उन्होंने ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए नागरिकों और राहगीरों के लिए सार्वजनिक स्थलों पर पेयजल की सुलभ व्यवस्था हेतु प्याऊ लगाने तथा जल स्त्रोतों को अतिक्रमण मुक्त कर स्वच्छ रखने के निर्देश दिए।

बैठक में मुख्यमंत्री ने 23 मार्च से प्रारंभ होने वाले गेहूं उपार्जन कार्य को लेकर उपार्जन केंद्रों में समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराने तथा संकल्प से समाधान शिविर के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निराकरण कर नागरिकों को लाभ दिलाने के निर्देश भी दिए।

# मध्य प्रदेश लिपिक वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ की वार्षिक बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।**

प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्षभी मध्य प्रदेश शासकीय लिपिक वर्क कर्मचारी संघ जिला शाखा सिवनी की बैठक होटल नटराज सिवनी में आयोजित की गई जिसमें बैठक के मुख्य आयोजक डी के कोल अध्यक्ष लिपिक वर्ग कर्मचारी संघ एवं उद्घोषक साजिद खान प्रदेश महामंत्री कर्मचारी कांग्रेस की मुख्य रूप भूमिका रही बैठक में आगामी समय में माननीय मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन की अध्यक्षता में भोपाल में होने वाले संभावित कार्यक्रम को लेकर चर्चा की गई एवं की गई चर्चा से प्रदेश अध्यक्ष लिपिक वर्क कर्मचारी संघ मुकेश चतुर्वेदी को दूरभाष के माध्यम से अवगत कराया गया।

उक्त बैठक में जिले भर से लगभग 100 कर्मचारी उपस्थित रहे जिसमें प्रदेश पदाधिकारी के रूप में वरिष्ठ उपरांत अध्यक्ष राकेश बघेल प्रमोद सोनी प्रदेश उपाध्यक्ष पवन राजपूत उपरांत अध्यक्ष महेंद्र कंतेवार प्रांतीय सचिव भोपाल सिंह प्रांतीय संगठन सचिव उपस्थित रहे कर्मचारी कांग्रेस से वरिष्ठ प्रदेश महामंत्री अरुण सैनी एवं कर्मचारी कांग्रेस संभाग अध्यक्ष राजेंद्र बघेल जिला अध्यक्ष सुभाष बघेल कर्मचारी कांग्रेस भी उपस्थित रहे जिनका जिला कार्यकारिणी के द्वारा स्वागत किया गया।

जिला कार्यकारिणी से संजू जागेला अभिषेक त्रिपाठी नफीस कुरेशी सोहन बामने सेल नेम शिवकुमार कर बसंत कुमार राय श्री बांगदे महेश मर्सकोले शीलचंद प्रांशु दीक्षित नरेंद्र ठाकुर श्रीमती ममता ठाकुर अशोक धुर्वे निरंजन बघेल रेवाराम कामले पीयूष जैन मुन्ना यादव प्रवीण सोलंकी इत्यादि समस्त लोग उपस्थित रहे जिन्होंने संगठन को मजबूती और शक्ति प्रदान करने के साथ ही भोपाल जाने भोपाल में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में होने वाले संभावित कार्यक्रम में उपस्थित होने हेतु अपनी सहमति व्यक्त की है।

# तेज आवाज सायलेंसर वाली एक और ब्लेट मोटर साइकिल पर कोतवाली पुलिस द्वारा की गई कार्यवाही



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता द्वारा तेज व मॉडीवाई सायलेंसर वाहनों पर आपत्ति जाहिर की जा रही है जो थाना कोतवाली द्वारा पूर्व में कई बुलेट एवं मोटर साइकिल जिनमें तेज आवाज एवं मॉडीफाईड सायलेंसर के विरूद्ध अभियान छेड़ा गया था जो इसी क्रम में पूर्व के मुताबिक लगातार कार्यवाही करते हुए एक और बुलेट मोटर साइकिल को शहर में तेज आवाज में सायलेंसर का उपयोग करते वाहन चलाते पाया गया। कोतवाली पुलिस द्वारा छोटी मस्जिद चौक पर पेट्रोलिंग के दौरान 01 बुलैट वाहन जिसका नम्बर एपी 12 एन 7091 था जिसमें तेज आवज सायलेंसर लगा था चलाते पाये जाने पर बुलेट वाहन थाना लाकर खड़ा किया गया एवं बुलेट चालक के विरूध्द मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 198,119/190(2), 51/177 मो. व्ही. एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए कुल 2500/- रूपये का समन शुल्क वसुल कर चालक को आवश्यक हिदायत दी गई। विशेष भूमिका निरीक्षक सतीश तिवारी, आर. विनय सेंगर, संतोष साहू एवं राजेन्द्र राजपूत की सराहनीय योगदान रहा।

## 60 फीट ऊंचे स्तंभ पर हुआ रोमांचक करतब

# पांजरा में लगा एशिया का सबसे बड़ा 'मेघनाथ मेला'

**सिवनी।** सिवनी जिले के केवलारी विकासखंड अंतर्गत ग्राम पांजरा में होलिका दहन के अगले दिन धुरेड़ी के अवसर पर आस्था और रोमांच का अनूठा संगम देखने को मिला। यहां एशिया का सबसे बड़ा 'मेघनाथ मेला' आयोजित किया गया, जो आदिवासी संस्कृति और प्राचीन परंपराओं का जीवंत केंद्र बन गया। आदिवासी समुदाय और स्थानीय लोगों की मान्यता है कि मेले में स्थापित मेघनाथ स्तंभ पर उल्टा झूलने वाले व्यक्ति की हर मनोकामना पूरी होती है। इसी आस्था के साथ हर वर्ष आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में ग्रामीण और श्रद्धालु इस मेले में शामिल होते हैं।

'हाकड़े वीर' के जयघोष से गूंजा मेला परिसर

होलिका दहन के अगले दिन मेघनाथ स्तंभ की पूजा-अर्चना की परंपरा निभाई गई। आदिवासी समुदाय रावण के पुत्र मेघनाथ को अपना आराध्य मानकर उनकी



विशेष उपासना करता है। इस दौरान पूरा मेला परिसर 'हाकड़े वीर' के पारंपरिक जयघोष से गूंजता रहा। मेले का मुख्य आकर्षण करीब 60 फीट ऊंचा लकड़ी का 'मेघनाथ स्तंभ' रहा। मन्नत पूरी होने पर श्रद्धालु इस ऊंचे स्तंभ के शीर्ष पर चढक़र रस्सी से बंधे और हवा में लटकते हुए चारों ओर चक्कर लगाते हैं। इस रोमांचक नजारे को देखने के लिए बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

**मन्नत पूरी होने की अटूट मान्यता**

क्षेत्र में यह दृढ़ मान्यता है कि मेघनाथ स्तंभ पर उल्टा झूलकर मन्नत मांगने से भक्तों की मनोकामनाएं अवश्य पूरी होती हैं। इसी विश्वास के चलते केवलारी सहित आसपास के लगभग 20 से 25 गांवों के हजारों आदिवासी और अन्य समाज के लोग इस आयोजन में शामिल हुए और आस्था के इस अनोखे पर्व के साक्षी बने।

## सीईओ अभिषेक सराफ लाऐंगे अपने व्यवहार में सुधार

# कलेक्टर की मध्यस्थता से पंचायत कर्मियों की हड़ताल समाप्त

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में जिला पंचायत सीईओ की कार्यप्रणाली के विरोध में 2 मार्च से चल रही पंचायतकर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल गुरुवार को स्थगित कर दी गई। यह निर्णय कलेक्टर मृणाल मीणा के साथ हुई सकारात्मक चर्चा के बाद लिया गया। पंचायतकर्मियों ने भरोसा जताया है कि जिला पंचायत सीईओ द्वारा पूर्व की तरह कार्यप्रणाली की पुनरावृत्ति नहीं होगी।

दरअसल, पंचायतकर्मी जिला पंचायत सीईओ पर नियमों के विपरीत काम का दबाव बनाने, रोक के बावजूद स्थानांतरण करने, देर शाम तक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) लेने और वीसी में असंयमित भाषा का उपयोग करने का आरोप लगा रहे थे। इन मुद्दों को लेकर जिले के पंचायत सीईओ से लेकर जीआरएस तक हड़ताल पर चले गए थे, जिससे पंचायत की प्रशासनिक व्यवस्था ठप हो गई थी।

हड़ताल को लंबा खिंचने से रोकने के लिए, कलेक्टर मृणाल मीणा ने गुरुवार को पहल की। उन्होंने पंचायतकर्मियों के संयुक्त मोर्चा प्रतिनिधिमंडल और जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ को एक साथ बैठाया। इस दौरान, उन्होंने प्रदर्शनकारी कर्मचारियों के प्रतिनिधियों के साथ उनकी मांगों और समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की।





चर्चा के उपरांत कर्मचारियों की मांगों एवं समस्याओं का समाधान हो जाने पर उन्होंने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त करने की बात कही।

पंचायत सचिव संगठन अध्यक्ष जितेंद्र चित्रिव ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में मांगों पर सकारात्मक चर्चा और उनके निराकरण के भरोसे के साथ हड़ताल स्थगित की गई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति नहीं होगी।

# वन परिक्षेत्र लामता के वाहन से युवक की मौत, चालक फरार

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

रंगों के पर्व होली का त्यौहार में चालक की लापरवाही से बंदेवार परिवार की खुशियां मातम में बदल गई। मिली जानकारी अनुसार लामता क्षेत्र के 32वर्षीय सैलून संचालक अंकित बंदेवार लामता निवासी की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई हैं। स्कार्पियों वाहन क्रमांक एमपी50बीसी1295 को वन परिक्षेत्र लामता में पदस्थ चौकीदार मोनू यादव के द्वारा चलाया जा रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना हैं कि घटना लगभग बुधवार की शाम 6.30 बजे की हैं, मृतक अंकित बंदेवार रंगोपाट मंदिर से लौट कर लामता की ओर आ रहा था। चौपहिया वाहन चालक मोनू यादव लामता से संलगटोला की ओर नशे हालत में जा रहा था, सलंगटोला में ही चौपहिया वाहन और अंकित बंदेवार के बीच जोरदार टक्कर होती हैं। चौकीदार वाहन चालक मौके से फरार हो जाता हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के द्वारा दुर्घटना में घायल अंकित बंदेवार को जिला चिकित्सालय ले जाता हैं उसके बाद अच्छे से उपचार करने के लिए निजी चिकित्सालय में सैलून संचालक की मौत हो जाती हैं।



मृतक की जीवित अवस्था की फोटो







जब्त की गई स्कार्पियों

वन विभाग की घोर लापरवाही उजागर

सूत्रो से मिली जानकारी अनुसार उपरोक्त वाहन क्रमांक एमपी50बीसी1295 वन परिक्षेत्र अधिकारी उत्तर लामता सामान्य में पदस्थ देवेन्द्र रंगारे के अधीन वाहन था। घटना के दिन वन परिक्षेत्र अधिकारी वाहन में सवार नही थे, होली जैसे त्यौहार में वन विभाग कार्य क्षेत्र में सक्रिय रहते हैं। किन्तु शाम के समय 6 से 6.30 बजे के बीच वन विभाग का चौकीदार मोनू यादव लामता से सलंगटोला की ओर आखिर कहां गश्ती कर रहा था। वन विभाग पर बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा होता हैं। नशे की हालत में वाहन चलाते हुए कौन सी गश्ती एक चौकीदार कर रहा था। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार पहले वन परिक्षेत्र अधिकारी लामता के पास बोलेरा चौपहिया वाहन था, लगभग 15 दिन पूर्व ही उन्हें अनुबंध शर्तो पर स्कार्पियों वाहन, वाहन मालिक पीयूष जैसवाल के द्वारा उपलब्ध कराया गया था। वहीं हरिभूमि के द्वारा वाहन चालक आशीष चौकसे चर्चा की गई, चौकसे द्वारा बताया गया कि मैं वन परिक्षेत्र अधिकारी लामता का वाहन चालक हूं किन्तु निजी कार्य के चलते 24 फरवरी से आज दिनांक तक अवकाश में हूं। मेरे द्वारा घटना दिनांक तक संबंधित वाहन नहीं चलाया गया हैं।

### इनका कहना हैं

दुर्घटना से संबंधित वाहन वन विभाग का हैं, घटना स्थल से जब्त कर लामता थाने में खड़ा किया गया हैं।

**छत्रपाल वैद्य, थाना प्रभारी, लामता**

संबंधित वाहन वन परिक्षेत्र लामता के पास था, अनुबंध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।

**रेशमसिंह धुर्वे**
**वनमंडल अधिकारी, उत्तर सामान्य बालाघाट**

# 6 घंटे में 7 सुरक्षित प्रसव : आदिवासी क्षेत्र के गढ़ी अस्पताल ने पेश की स्वास्थ्य सेवा की मिसाल

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

**बालाघाट जिला मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर दूर स्थित आदिवासी बहुल क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़ी में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सराहनीय कार्य करते हुए मात्र 6 घंटे में 7 गर्भवती महिलाओं का सुरक्षित एवं सामान्य प्रसव कराकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। यह सभी महिलाएं जनजातीय वर्ग से संबंधित हैं।**

दिनांक 5 मार्च 2026 को रात्रि 1 बजे से सुबह 7 बजे के बीच मेडिकल ऑफिसर डॉ. स्वप्निल गजभिए की उपस्थिति में नर्सिंग ऑफिसर समीना कुरैशी ने अस्पताल के स्टाफ के सहयोग से सभी महिलाओं की सफल नॉर्मल डिलीवरी कराई। सीमित संसाधनों और दूरस्थ क्षेत्र की परिस्थितियों के बावजूद इतने कम समय में 7 सुरक्षित प्रसव कराना एक चुनौतीपूर्ण कार्य था, जिसे अस्पताल के स्टाफ ने पूरी जिम्मेदारी और तत्परता से पूरा किया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र गढ़ी में ग्राम समरिया की देवकी धुर्वे पति हेमंत धुर्वे, सविता परते पति रोशन परते, ग्राम खजरी की रमा यादव पति दीपक यादव, सिजोरा की भारती धुर्वे पति धर्मेंद्रे, नवलपुर की कविता तेकाम पति पंकज तेकाम, सखिया बाई पति बजर सिंह तथा ग्राम बिलाईखार की गंगा पति सहदेव मेरावी का सामान्य प्रसव कराया गया।

गढ़ी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 01 मार्च 2026 से 05 मार्च 2026 तक कुल 17 गर्भवती माताओं के सुरक्षित प्रसव कराए जा चुके हैं। नर्सिंग ऑफिसर समीना कुरैशी को गढ़ी स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ हुए लगभग 6 वर्ष हो चुके हैं और वे पूरी जिम्मेदारी, लगन व सेवाभाव के साथ अपनी सेवाएं दे रही हैं। अपने समर्पित कार्य के कारण वे गढ़ी क्षेत्र में एक लोकप्रिय स्वास्थ्यकर्मी के रूप में जानी जाती हैं। गढ़ी अस्पताल के स्टाफ की इस उपलब्धि की क्षेत्र में सराहना हो रही है। आदिवासी अंचल में कार्यरत स्वास्थ्यकर्मियों ने यह साबित कर दिया है कि वे कठिन परिस्थितियों में भी पूरी निष्ठा के साथ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप ने बताया कि गढ़ी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में गर्भवती महिलाओं के सुरक्षित प्रसव के लिए सर्वसुविधायुक्त डिलीवरी प्वाइंट स्थापित किया गया है। इसके कारण क्षेत्र की गर्भवती महिलाओं को प्रसव के लिए बैहर के सिविल अस्पताल या जिला चिकित्सालय बालाघाट जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। उन्होंने बताया कि गढ़ी स्वास्थ्य केंद्र में सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित स्टाफ की तैनाती भी की गई है, जिससे स्थानीय स्तर पर ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर तरीके से उपलब्ध हो रही हैं।



# नशामुक्ति अभियान चलाने वाली महिलाओं पर चोरी का आरोप

## SP कार्यालय में न्याय की गुहार!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट में नशामुक्ति अभियान से जुड़ी महिलाएं गुरुवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचीं और झूठे आरोप लगाने वाली महिला के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। लामता क्षेत्र के टाकाबर्रा गांव की इन महिलाओं का कहना है कि उन्होंने गांव में अवैध शराब पकड़ी थी, जिसके बाद उन पर 50 हजार रुपए चोरी करने का आरोप लगा दिया गया।

नशामुक्ति समिति की सदस्य कृष्णा लिल्हारे ने बताया कि 3 मार्च को समिति की महिलाओं ने गीता वरकड़े के मकान की छत से 11 डिब्बों में महुआ शराब और उसे बनाने की सामग्री पकड़ी थी। इसके बाद इसकी जानकारी पुलिस को दी गई। महिलाओं का कहना है कि पुलिस ने उन्हें डिब्बे अपने पास रखने और थाने में आवेदन देने के लिए कहा था।



महिलाओं के अनुसार, इसके बाद शराब बनाने वाली महिला ने लामता थाने में शिकायत दर्ज कराई कि नशामुक्ति समिति की महिलाओं ने उसके घर से 50 हजार रुपये चुरा लिए हैं। समिति की महिलाओं ने इस आरोप को पूरी तरह झूठा बताया है। उनका कहना है कि यह उनके नशामुक्ति अभियान को रोकने की कोशिश है।

महिलाओं ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और झूठा आरोप लगाने वाली महिला के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि इस तरह के आरोप लगाए जाते रहे तो गांव में नशामुक्ति अभियान चलाना मुश्किल हो जाएगा।

# मिरगपुर में होली का त्योहार मनाया गया बड़ी धूमधाम से

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी ।

क्षेत्र के ग्रामीण अंचलो में रंगो के त्योहार होली को बड़े हर्ष उल्लास से मनाया गया। जगह-जगह लोगो के द्वारा एक दुसरो को रंग गुलाल लगाकर होली मनाई और खुशी जाहिर की गई। कांग्रेस पाट्री के एससी सेल के प्रदेश महासचिव प्रमोद बोरकर के द्वारा अपने गृह ग्राम मिरगपुर में 4 मार्च बुधवार को होली के अवसर पर रंगोत्सव कार्यक्रम में शामिल होकर अपने समर्थको व सहयोगीयो के साथ होली मनाई और एक दुसरो को रंग गुलाल लगाकार होली की बधाई दी एंव भाईचारा का संदेश दिया। अंचल में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली का त्योहार ग्रामीण अंचल में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। मिठाई बांटी, गुलाल रंग लगाए। घरो में पकवान बनाकर खुशी जाहिर की और रंग गुलाल की बौच्छार की गई।



# होली एवं रमजान के पर्व को लेकर पुलिस सतर्क, थाना प्रभारी के नेतृत्व में फ्लैग मार्च निकाला गया

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस थाना प्रभारी माधव शर्मा के नेतृत्व में क्षेत्र में फ्लैग मार्च किया गया। यह फ्लैग मार्च मंगलवार को किरनापुर थाना प्रभारी माधव शर्मा के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल के साथ निकली गई। यह फ्लैग मार्च अवंती चौक, बाजार चौक ,गांधी चौक, किरनाई मंदिर ,बस स्टैंड ,संवेदनशील स्थानों पर पुलिस ने पैदल ग्रस्त कर लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया ।इस दौरान आम लोगों से अपील की गई की होली व रमजान पर शांतिपूर्ण और सहानुभूति पूर्ण वातावरण में मनाए। थाना प्रभारी माधव शर्मा ने बताया कि असामाजिक तत्वों पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। सोशल मीडिया में गतिविधियों पर भी प्रशासन की नजर रहेगी ।उन्होंने स्पष्ट कहा कि डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। यदि कोई व्यक्ति अशांति फैलाने का प्रयास करता है तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।



# 7 मार्च तक होगा किसानों का पंजीयन

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम दिलाने एवं उन्हें बिचौलिये एवं दलालों के शोषण से बचाने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी की व्यवस्था की गई है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए किसानों का पंजीयन 07 फरवरी 2026 से प्रारंभ कर दिया गया है, यह पंजीयन प्रक्रिया 07 मार्च 2026 तक चलेगी। 05 मार्च तक जिले के 1242 किसानों ने समर्थन मूल्य पर गेहूँ की बिक्री के लिए अपना पंजीयन करा लिया है। कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने किसानों के पंजीयन के लिए जिले में 23 केंद्र निर्धारित कर दिये है। इसके साथ ही ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेंटर, लोक सेवा केंद्र एवं निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे में किसानो के पंजीयन का शुल्क 50 रुपए निर्धारित किया गया है। केन्द्र सरकार द्वारा वर्ष 2026-27 के लिये गेहूँ का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2585 रूपये प्रति क्विंटल घोषित किया गया है, जो गत वर्ष से 160 रुपये अधिक है। रबी विपणन सीजन 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूँ उपार्जन के लिए 05 मार्च तक जिले के 1242 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है।

# शादी के कार्ड बांटने निकले शख्स की मिली लाश

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** 02 मार्च सोमवार को अपने घर से बेटी की शादी के कार्ड बांटने निकले एक शख्स की गांव के ही पुरानी खदान के गड्ढे में लाश मिलने से पूरे गांव में सनसनी फैल गई। घटना कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम सेलवा की है। 05 मार्च की सुबह करीब साढ़े 09 बजे गांव के कुछ लोगों ने लगड़ी खदान के गड्ढे में एक लाश तैरते हुए देखी गई। जिसके बाद यह खबर पूरे गांव में आग की तरफ फैल गई। सरपंच देवेन्द्र देशमुख भी जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर डायल 112 मौका स्थल पर पहुंची। ड्यूटी पर तैनात आरक्षक मनोज पटेल ने थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम को सूचना दी। जब तक लाश पानी में थी तब तक गांव के लोग भी लाश को पहचान नहीं पा रहे थे जब लाश को पानी से बाहर निकाला गया तब मृतक की शिनाख्त शिरज लाल पिता पेगी पंचेश्वर के रूप में की गई। मृतक के पुत्र ने पुलिस को बताया कि पिता 02 मार्च को शादी के कार्ड बांटने के लिए घर से निकले थे। हालांकि घटनास्थल पर कोई भी विवाह का कार्ड नहीं मिला। ऐसे में अभी यह भी साफ नहीं हो पाया है कि पुत्र के द्वारा जो बात पुलिस को बताई जा रही है वह पूरी तरह से सहीं है। फिलहाल पुलिस ने शव को बरामद करने के बाद पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंप दिया। वहीं मर्ग कायम कर पुलिस घटना की छानबीन में जुटी हुई है।



# विज्ञान दिवस पर साइंस सर्किल म.प्र. ने प्रतिभावान छात्रों को किया सम्मानित, कोटा के विशेषज्ञों ने किया मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

विज्ञान दिवस के अवसर पर साइंस सर्किल म.प्र. द्वारा सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में JCAT एवं SCAT 2025-26 परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि साइंस सर्किल म.प्र. विगत कई वर्षों से JEE एवं NEET जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को तैयार करने हेतु योजनाबद्ध रूप से कार्य कर रही है। इसी क्रम में 28 दिसंबर 2025 को प्रदेश की राजधानी सहित बालाघाट जिले के विभिन्न केंद्रों पर JCAT, SCAT 2025-26 परीक्षा का सफल आयोजन किया गया था। परिणाम घोषित होने के उपरांत 01 मार्च को प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट श्री अभिषेक शराफ (आईएएस) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मोशन इंस्टीट्यूट, कोटा (राजस्थान) के मुख्य वक्ता श्री जयंत चितौड़ा तथा अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी श्री ए.के. उपाध्याय ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के पूजन-अर्चन से हुआ। तत्पश्चात साइंस सर्किल के सचिव डॉ. युवराज राहंगडाले एवं सदस्यों द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया।



डॉ. युवराज राहंगडाले ने आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण कोटा से आए विशेषज्ञों का प्रेरक व्याख्यान रहा, जिसका लाभ विद्यार्थियों, पालकों एवं शिक्षकों ने उठाया।

इस अवसर पर JCAT एवं SCAT 2025-26 में शामिल सभी परीक्षार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। साथ ही टॉप-10 विद्यार्थियों, शाला प्रमुखों एवं शाला प्रभारियों का सम्मान किया गया। कक्षा 8वीं से 12वीं तक गणित एवं जीवविज्ञान संकाय के टॉप-3 विद्यार्थियों को क्रमशः स्वर्ण, रजत एवं कांस्य पदक के साथ 10,000 रुपये, 5,000 रुपये एवं 2,000 रुपये की नगद पुरस्कार राशि प्रदान की गई। विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा ऑडिटोरियम में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन भी किया गया, जिसका अवलोकन सभी अतिथियों एवं शिक्षकों ने किया। कार्यक्रम में साइंस सर्किल के अध्यक्ष श्री एस. सक्सेना, प्रो. एम.एन. बापट, डॉ. सतीश चिले, श्री आर.के. लटारे (सेवानिवृत्त प्राचार्य), श्री आर.एस. बैस, श्री एस.के. तुरकर, श्री हुमराज पटले, श्री धर्मपाल अग्रवाल, जयंत खांडवे, श्री डी.डी. ठाकरे सहित विभिन्न संस्थाओं के संस्था प्रमुख एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि एवं प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए उत्साह का संचार हुआ।

## 14 मार्च को आयोजित होगी नेशनल लोक अदालत

**बालाघाट।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट श्री प्राणेश कुमार प्राण के मार्गदर्शन में 14 मार्च 2026 (शनिवार) को जिला न्यायालय, तालुका न्यायालय, श्रम न्यायालय एवं कुटुम्ब न्यायालयों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित दीवानी एवं आपराधिक शमनीय प्रकरणों के साथ ही बैंक, विद्युत, श्रम, जलकर, संपत्तिकर आदि प्री-लिटिगेशन प्रकरणों का भी आपसी समझौते के आधार पर निराकरण किया जाएगा।